16.05.2026 / प्रादेशिक समाचार

सीमा / 11:00बजे

मतदान

प्रदेश के 51 शहरी निकायों के चुनावों के लिए कल मतदान होगा। सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक वोट डाले जाएंगे। कुल 4 सौ 39 पदों के लिए होने वाले इन चुनावों में एक हजार 147 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। 4 नगर निगम सहित 25 नगर परिषद और 22 नगर पंचायतों में ये मतदान होगा। इन चुनावों में कुल 3 लाख 60 हजार 8 सौ 59 मतदाता अपने मतदाधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें एक हजार 808 मतदाता ऐसे हैं जो पहली बार वोट डालेंगे। नगर पंचायत व नगर परिषदों में मतों की गणना कल मतदान के बाद होगी। जबकि नगर निगम चुनाव के लिए पड़ने वाले वोटों की गिनती 31 मई को की जाएगी।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि 5 गुटों में बंटी भाजपा इन चुनावों में जीत के झूठे सपने देख रही है। सोलन में उन्होंने कहा कि प्रदेश भाजपा पूरी तरह से आपसी लड़ाई और अंदरूनी खींचतान के दौर से गुजर रही है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश सरकार ने अपनी सभी चुनावी गारंटियां पूरी कर ली हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निगम सहित शहरी निकायों के चुनाव में कांग्रेस को भरपूर समर्थन मिल रहा है और निश्चित तौर पर इन चुनावों में कांग्रेस की जीत होगी।

इस बीच मुख्यमंत्री आज दिल्ली रवाना होंगे। वे कल दिल्ली से तिरूवनंतपुरम जाएंगे। उनका 18 मई को केरल के नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत करने का कार्यक्रम है।

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों और झूठी गारंटियों से प्रदेश की जनता का मोह भंग हो चुका है और पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में लोगों ने कांग्रेस को सबक सिखाने का मन बना लिया है। मंडी में चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने प्रदेश की चारों नगर निगमों में भाजपा की जीत का दावा किया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि नगर निगम चुनाव महज स्थानीय चुनाव नहीं बल्कि प्रदेश में कांग्रेस की विदाई की पटकथा लिखने वाले साबित होंगे।

विनय कुमार

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा है कि प्रदेश के 4 नगर निगमों सहित नगर निकायों के चुनावों में कांग्रेस जीत का परचम लहराएगी। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि इन चुनावों में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी जीत हासिल कर क्षेत्र के विकास में राज्य सरकार की नीतियों व निर्णयों को जन–जन तक पहुंचाएंगे। उन्होंने लोगों से बढ़–चढ़कर मतदान करने की अपील की है।

सिकंदर

राज्यसभा सांसद सिंकदर कुमार ने कहा है कि चुनावी गारंटियों के दम पर सत्ता हासिल करने वाली कांग्रेस सरकार के लिए अब यही गारंटियां मुसीबत साबित हो रही है। शिमला जिला के ठियोग में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों के पक्ष में चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने कहा कि महिलाओं की सम्मान निधि से लेकर रोजगार के वादों तक सभी गारंटियों का परिणाम धरातल पर शून्य है।

ड्रोन

जनजातीय जिला लाहौल स्पीति के लोगों को बर्फबारी, भूस्खलन और सड़क बंद होने की स्थिति में ड्रोन के माध्यम से दवाइयां और जरूरी राहत सामग्री मिल पाएंगी। हमारे लाहौल स्पीति जिला संवाददाता के अनुसार डी डी एम ए ने खोज एवं बचाव कार्यों के लिए अत्याधुनिक रेस्कयू ड्रोन खरीदा है।

नीट परीक्षा

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एनटीए ने 21 जून को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट यूजी 2026 की पुनः परीक्षा कराने की घोषणा की है। सोशल मीडिया पोस्ट में एजेंसी ने उम्मीदवारों और अभिभावकों से केवल एनटीए के आधिकारिक माध्यमों पर ही भरोसा करने का अनुरोध किया है। इस महीने की 3 तारीख को आयोजित हुई नीट परीक्षा का पेपर लीक होने के कारण रद्द कर दी गई थी और सीबीआई इस मामले की जांच कर रही है। एनटीए ने बताया कि उम्मीदवार 21 मई तक अपनी पसंद के अनुसार अपना वर्तमान पता व पहले और दूसरे परीक्षा के शहर का चयन अपडेट कर सकते हैं। परीक्षाएं दोपहर 2 बजे से शाम पांच बजकर 15 मिनट तक आयोजित की जाएंगी।